हंसराज कॉलेज
— दिल्ली विश्वविद्यालय —

HANSRAJ COLLEGE
University Of Delhi
NAAC Grade A+ with CGPA 3.62

2021-2022

Name of the Department/Society: **हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग, हंसराज महाविद्यालय**
Name of the Event 3: लेखक से संवाद
Date of the Event: 10-03-2022

प्रभारी : डॉ. नीतू शर्मा

परामर्शदात : डॉ. राजेश कुमार शर्मा

हंसराज महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा संचालित हिंदी साहित्य परिषद् ने 10 मार्च 2022 को पद्मभूषण ज्ञानप्रकाश चौपडा संगोष्ठी कक्ष में "लेखक से संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ आलोचक एवं साहित्यकार प्रो. विश्वनाथ त्रिपाठी जी को निमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की। बाद में महाविद्यालय की प्राचार्य ने अतिथि को तुलसी का पौधा भेंट करके उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रमा के आशीष वचनों से हुई। कार्यक्रम का स्वागत ज्ञापन हिंदी विभाग के

Scanned with CamScanner

परामर्शदाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने किया जिन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर विश्वनाथ त्रिपाठी जी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्यभार हंसराज महाविद्यालय के अध्यापक डॉ. विनय कुमार गुप्ता ने संभाला। कार्यक्रम में आगे फिर विश्वनाथ त्रिपाठी जी ने अपनी बात रखी, प्रथम उन्होंने अपने साहित्यिक जीवन के बारे में बताया कि उन्होंने किस प्रकार अपनी साहित्यिक कला की शुरुआत की थी, उन्होंने इस पर बताया कि 1948 में जब कांग्रेस की सरकार थी उन्होंने उनके गांव में पुस्तकालय खोलने की योजना की जहां पर वह किताबें पढ़ने जाया करते थे यहीं से उनके अंदर साहित्य का एक तरह से बीज उपज गया था । उन्होंने हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के बारे में बताया , उन्होंने द्विवेदी जी के साथ किस प्रकार संपादन कार्य किया था। इस पर प्रकाश डाला। आगे बताते हैं कि साहित्यिक रचनाओं में किस प्रकार परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभवों को भी साझा किया कि किस प्रकार उनका साहित्य के प्रति आकर्षण हुआ। कार्यक्रम में अधिक मात्रा में विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं ने भागीदारी दी और साथ में कॉलेज के अध्यापकों तथा अन्य कॉलेज के अध्यापकों ने भाग लिया। उन्होंने त्रिपाठी जी से सवाल पूछे जिसका उत्तर त्रिपाठी जी ने बड़े ही स्पष्ट रूप से दिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.रमा के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन हंसराज महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. नीतू शर्मा ने किया।

Scanned with CamScanner